हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 17 अप्रैल 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 28.2 डिग्री

4
अंतर्राज्यीय पत्थर गिरोह के 6 आरोपी सहित 2 व्यापारियों ...



## खबर संक्षेप

### राम नवमी पर आज शुष्क दिवस घोषित

**जशपुरनगर।** राज्य शासन द्वारा 17 अप्रैल 2024 बुधवार को राम नवमी के अवसर पर संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस के दौरान जिलों में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट-बार, होटल-बार, क्लब आदि फुटकर दुकानों को बंद रखा जाएगा। घोषित शुष्क दिवस में मदिरा की कोई भी क्लब आदि एवं मदिरा बेचने, परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठान, व्यक्ति, चाहे बेचने व परोसने की अनुमति न दी जाए। गैरमालिकाना क्लबों, रेस्टारेन्टों, स्टार होटलों आदि और किसी के भी द्वारा चलाए जाने वाले होटलों को भी घोषित शुष्क दिवस में मदिरा बेचने व परोसने की अनुमति न दी जाए। उक्त अवधि के दौरान मदिरा के व्यक्तिगत भण्डारण पर एवं गैर लायसेंस प्राप्त परिसरों में मदिरा के भण्डारण पर सख्ती से रोक लगाई जाए और उन्हें जप्त करने की कार्यवाही की जावे । जिले में उड़नदस्ता के द्वारा अवैध मदिरा के परिवहन एवं विक्रय के रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाये जाऐगें, इस हेतु जांच दल गठित कर अवैध मदिरा संग्रहण के संभावित ठिकानों एवं वाहनों की जांच किया जाए एवं दोषियों के विरूद्ध अपराध कायम किया जाए।

### जनहानि के मामलों में 20 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के पांच मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आर.बी.सी. 6-4 के तहत 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम नारायणपुर निवासी भारती बाई का सर्पदंश से 17 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका निकटतम वारिस मृतिका के पिता लाला राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार फरसाबहार तहसील के ग्राम डोंगादराह निवासी राजू कुजूर का बांध के पानी में डूबने से 30 जनवरी 20223 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता सखनू कुजूर, ग्राम दोकड़ा निवासी जेम्स तिर्की की कुआं के पानी में डुबने से 08 दिसम्बर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी बिरजिनिया तिर्की, तहसील कांसाबेल के ग्राम बटईकेला निवासी राजशेखर का आग से जलने से 18 जनवरी 2019 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता भजनू राम तथा तहसील पत्थलगांव के ग्राम मयुरनाचा निवासी सनमति पैंकरा का कुआं के पानी में डुबने से 18 दिसम्बर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पति बैगासाय हेतु 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### साईटांगरटोली में सिकल सेल स्क्रीनिंग जगरुकता शिविर



**जशपुरनगर।** विकासखंड के ग्राम साईटांगर टोली में मंगलवार को सिकल सेल स्क्रीनिंग को लेकर जगरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बीएमओ लोदम एवं स्वास्थ्य विभाग के टीम उपस्थित थे। शिविर में बीएमओ लोदाम ने लोगों को सिकल सेल टेस्टिंग के लिए जागरूक किया गया और स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने लोगों द्वारा स्वास्थ्य संबंधित पूछे गए प्रश्नों और शंकाओं का समाधान किया। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी।

बाल विवाह रोकने गठित टास्क फोर्स की कार्रवाई

# संयुक्त टीम ने रोका बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बाल विवाह रोकने कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देश पर बनी टास्क फोर्स की टीम ने ग्राम कस्तूरबा में होने वाले बाल विवाह पर समय पूर्व पहुंच कर रोक लगा दी है। टीम ने बाल विवाह पर रोक नाबालिग वर की मां की सहमति से लगाई है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी बीडी पटेल की पहल से 12 अप्रैल 2024 को महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्प लाईन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स को 17 अप्रेल को होने वाले बाल विवाह की सूचना मिलने पर बाल विवाह रोकने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि जशपुर विकासखंड के ग्राम कस्तुरबा में बालक कामेश्वर



सिंह पिता स्व. दुतिया, माता श्रीमती बसंती देवी का विवाह 17 अप्रैल 2024 को तय किया गया था। किन्तु बालक कामेश्वर सिंह का दाखिल खारिज के अनुसार जन्म तिथि 12 जुलाई 2006 है। जिसके आधार पर बालक कामेश्वर सिंह का उम्र-17 वर्ष, 10 माह, 13 दिन होना पाया गया। बालक के माता की सहमति से विवाह स्थगित करने हेतु कहा गया।

बालक के माता ने बताया कि कानूनी अज्ञानता के कारण अपने बेटे की शादी करने जा रही थी। बाल विवाह रोकने के दौरान संयुक्त टास्क फोर्स टीम में पर्यवेक्षक श्रीमती हेमलता केरकेट्टा, श्रीमती नीलू एक्का, सामाजिक कार्यकर्ता अमित तिड़ू टीम मेम्बर, आरक्षक श्रीमती जया पैंकरा, आरक्षक कुलरंजन एक्का एवं बेलसागर कुजूर शामिल थे। बाल संरक्षण अधिकारी चन्द्रषेखर यादव द्वारा बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध है। बाल विवाह से बच्चों के सर्वागीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह रोक-थाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है। जिसमें लड़के की आयु 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 18 वर्ष निर्धारित की गयी है। अधिनियम के तहत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता पिता, सगे संबंधी, बाराती यहॉ तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही किया जाना प्रावधानित है। अधिनियम के तहत 2 वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा 1 लाख का जुर्माना अथवा दोनो से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

# मधुमक्खियों से जनजीवन को सुरक्षित रखने रूपरेखा तय

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय सहित पत्थलगांव, कांसाबेल और कुनकुरी विकासखण्ड में मधुमक्खियों के अनगिनत छत्तों को लेकर आम लोगों के साथ ही खास लोगों में बढ़ती असुरक्षा को देखते हुए डीएफओ की पहल पर जिला प्रशासन ने महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसे लेकर वर्चुअल कांफ्रेंस हुआ था। 9 अप्रैल 2024 को सरहुल पूजा के दौरान धुंए से परेशान मधुमक्खियों का झुंड पूजा कर रहे बैगाओं व अन्य लोगों पर टूट पड़ा था। जिसके बाद जिले भर में मधुक्खियों के छत्ते समाचारों की सुर्खियों में हैं। मधुक्खियों के ऊंचाई

**खास बात**
- स्थानीय अवकाश को देखते हुए छत्तों को हटाने बनी रणनीति



पर छत्ते बनाने की वजह से ऊंचे पेड़ों और भवनों में इनका डेरा दिखता है। कई बार ये पक्षी की चोंच मारने से तेज हवा के झोंके से और छत्तों के नीचे आग लगाने, धुँआ करने से भड़क जाते हैं और हमला कर देते हैं। इन सब परिस्थितियों को देखते हुए मधुक्खियों और इंसानों के बीच के संघर्ष की भावी संभावनाओं को खत्म करने की दिशा में वनमण्डलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय ने पहल करते हुए विभाग प्रमुखों के साथ वर्चुअल कांफ्रेंस की थी। वनमण्डलाधिकारी श्री उपाध्याय ने बताया कि जिले में कई विभागीय दफ्तरों और सार्वजिक स्थानों में मधुमक्खियों के बड़े-बड़े छत्ते हैं जिन्हें तकनीकी मार्गदर्शन देते हुए हटाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने के लिए आपसी समन्वय बना है। राजस्व, पुलिस, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और नगरीय क्षेत्र के अधिकारियों के बीच यह तय हुआ है कि जहाँ-जहाँ ऐसे छत्ते हैं वहां के कार्यालयीन प्रमुख स्थानीय अवकाश, स्थानीय परिस्थिति तथा एक्सपर्ट की राय के अनुरूप तिथि तय कर कार्रवाई करना ही सही प्रक्रिया है। जिस दिन छत्ता हटाना है उस दिन आसपास के लोगों को सूचना देकर अलर्ट कर दें। सभी को विशेषज्ञ के संपर्क नम्बर दे दिए गए हैं वहीं मधुमक्खियों के रहन-सहन,उनकी गतिविधियों के साथ उन्हें हटाने के लिए रौनी में दो लोगों की प्रशिक्षित टीम है जिसे वन विभाग की ओर से वर्धा में प्रशिक्षण दिलाया गया है।

# बैंकों से पैसा नहीं मिलने से बढ़ी खाताधारकों की परेशानी

**प्रतापपुर।** शादी विवाह के इस सीजन में जहां लोगों को पैसा की आवश्यकता अधिक होती है। ऐसे में बैंकों में जमा राशि के नहीं मिलने पर खाताधारकों को किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है यह आसानी से समझा जा सकता है। कुछ इस तरह की स्थिति प्रतापपुर क्षेत्र बैंकों की है जहां हर रोज बड़ी संख्या में खाता धारक रुपए निकालने बैंक आते है परंतु बैंक रुपए नहीं मिलने से लोग परेशान है। विकासखंड प्रतापपुर क्षेत्र के छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक भैसामुंडा, प्रतापपुर ग्रामीण बैंक, स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक, एचडीएफसी बैंक सहित अन्य बैंकों में लोगों को पैसा पैसा नहीं मिलने से उन्हें काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आलम यह है कि बैंक में जिस तरह से लोगों की भीड़ उमड़ रही है और पैसा नहीं मिलने पर नोटबंदी जैसा हाल निर्मित हो गया है। शादी विवाह का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में लोग बैंक जमा किए राशि को निकालने के लिए सुबह से ही बैंक पहुंच जाते है। लोग बैंक राशि जमा करने के बावजूद दस-दस रुपये के लिए मोहताज हो रहे है। जिस तरह की स्थिति इन दिनों क्षेत्र के बैंकों की है उससे अब लोगों को संदेह हो रहा है कि उनका पैसा मिलेगा कि नहीं। लोगों का कहना है की हम गरीबों का क्या गलती है, हम लोगों ने पैसा बैंक में इसलिए रखे थे की हमारी परेशानियों के वक्त जमा पूंजी का आ सके और पैसा कभी भी निकाल कर अपना काम चला सकते है।

**खास बात**
- खुद का पैसा नहीं मिलने पर ग्रामीणों में आक्रोश

# शासकीय महाविद्यालय दुलदुला की रासेयो ने रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोकसभा चुनाव 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रत्येक मतदाता को जागरूक करने के साथ ही चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशनुसार तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखण्डों में स्वीप कार्यक्रम के तहत रैलियॉ, रंगोली प्रतियोगिता, मेहन्दी प्रतियोगिता, सहित कई कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन में मतदान को लेकर जागरूक किया जा रहा है। निजी एवं राजकीय विद्यालयों में रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

- शत प्रतिशत मतदान करने की अपील



जागरूकता रैली में शामिल रासेयो के सदस्य।


इसी कड़ी में मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय दुलदुला के रासेयो के स्वंसेवकों ने संस्था के प्राचार्य श्रीमती निशि एक्का के मार्गदर्शन मे मतदाता जागरूकता रैली निकली। रैली में स्वयंसेवकों ने आगामी लोकसभा चुनाव में 7 मई 2024 को शत प्रतिशत मत देने के लिए अपील की। रासेयो

# बाजे-गाजे के साथ निकलेगी राम जी की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शक्ति आराधना चैत्र नवरात्र के नौवें दिन भगवान श्री राम का पृथ्वी पर मानव के रूप के अवतरण हुआ था।सनातनी इसे रामनवमी के रूप में भव्य रूप में मनाते आ रहे है। इस वर्ष भी रामनवमी भव्य रूप से मनाने की तैयारी में रामनवमी उत्सव समिति पूरे जोश से लगी हुई है। बस स्टैंड के पास स्थित हनुमान मंदिर में आसपास के गांवो से श्रद्धालु हनुमान जी का झंडा लेकर ढोल नगाड़े की धुन पर नाचते गाते पहुंचते हैं। जशपुर हनुमान मंदिर से हजारों की संख्या में प्रभुश्री राम की सवारी रैली के रूप में गाजे-बाजे के साथ नाचते गाते पूरे शहर का भ्रमण करते हुए भागलपुर बीटीआई मैदान पर जाकर समाप्त होती है। स्थाई

- आज रहेगी रामनवमी की धूम



### इस राम नवमी में क्या है विशेष

जशपुर हनुमान मंदिर से निकलने वाली रैली में सरगुजा व सूरजपुर से आने वाली धुमाल पार्टी के धुन पर रामजी की सवारी रैली के रूप में निकलेगी। रैली में राम सीता की झांकी भव्य होगी। बीटीआई मैदान में विशाल भंडारा का आयोजन भी होगा।

# तीन बच्चों की मौत के बाद परिजन से मिलने पहुंचे कलेक्टर, एसपी

### राशन, दैनिक उपयोग के सामान के साथ दी गई सहायता राशि, आवास के लिए की गई पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट के बरिमा में हुई आगजनी की घटना में ही परिवार के तीन बच्चों की जलकर मौत की घटना के मामले में सोमवार को कलेक्टर एसपी ने घटना स्थल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजन से मुलाकात उन्हें ढांढ़स बंधाया और परिजन को राशन, कपड़ों के साथ ही तत्काल सहायता राशि का भुगतान किया गया। इसके साथ ही उन्होंने आवास की समस्या का निराकरण करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। बता दें कि शनिवार की देर रात मैनपाट विकासखंड के बरिमा पकरी पारा निवासी 8 वर्षीया गुलाबी, 6 वर्षीय सुषमा 3 वर्षीय रामप्रसाद की घर में आग लगने के कारण जलकर मौत हो गई थी। घटना के वक्त बच्चों की मां घर के दरवाजे में बाहर से कुंडी



लगाकर दूसरे व्यक्ति के घर खाने पीने के लिए गई हुई थी ऐसे में आग लगने पर बच्चे भाग भी नहीं पाए। वहीं बच्चों का पिता कमाने के लिए पहले से ही महाराष्ट्र के पुणे गया हुआ है। इस घटना में महिला की सबसे बड़ी बेटी सहेली के घर सोने गई हुई थी इस लिए वह भी बच गई। घर में आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। इधर इस घटना के बाद कलेक्टर विलास भोसकर और एसपी विजय अग्रवाल सोमवार को बरिमा गांव पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। कलेक्टर श्री भोस्कर ने संवेदशीलता के साथ परिजनों से बात करते हुए कहा कि इस दुखद घटना में क्षतिपूर्ति कर पाना संभव नहीं है, पर प्रशासन द्वारा हर संभव मदद का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से परिवार की मदद के लिए दिए गए निर्देशों के पालन की जानकारी भी ली। गौरतलब है कि घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर श्री भोस्कर ने एसडीएम मैनपाट और संबंधित टीम को मौके पर पहुंचकर जानकारी लेने और आवश्यक मदद करने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में परिवार को दो माह का राशन, दैनिक उपयोग के सामान और आरबीसी 6-4 के तहत 12 लाख रुपए तत्काल आपदा सहायता राशि चेक माता सुघनी मांझी प्रदाय किया गया है। इसके साथ ही वर्तमान आवास के नष्ट हो जाने पर परिवार की आवास की समस्या के निराकरण हेतु कलेक्टर द्वारा नियम अनुरूप कार्रवाई करते हुए आवास की व्यवस्था किए जाने अधिकारियों को निर्देशित किया जिसके तहत काम शुरू कर दिया गया है।

# कार दुर्घटना में बरियों के युवा व्यावसायी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/राजपुर

बीती कार हादसे में बरियों के युवा व्यवसायी की मौत हो गई। बड़ी बात यह है कि घटना के बाद व्यवसायी पूरी रात सड़क किनारे कार में ही पड़ा रहा और किसी की नजर उसपर नहीं गई। आज सुबह लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि बरियों निवासी मणिदीप जायसवाल आ. सदानंद जायसवाल जायसवाल जनरल स्टोर की दुकान है। व्यवसायी 14 अप्रैल की रात 8 बजे किसी काम से अंबिकापुर आया था और देर रात वापस घर लौट रहा था। पिता के अनुसार युवक अकेले था और स्वयं ही कार चला रहा था। संभावना जताई जा रही है कि शंकरघाट के समीप पुलिया पर युवक की कार अनियंत्रित होकर टकरा गई। टक्कर में युवक की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बड़ी बात यह है कि घटना के बाद युवा व्यवसायी पूरी रात दुर्घटनाग्रस्त कार में ही फंसा रहा। आज सुबह जब लोगों की नजर कार पर पड़ी तो उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में बड़ा सवाल यह है कि युवा व्यवसायी स्वयं कार चला रहा था लेकिन उसकी बॉडी ड्राइवर की बगल वाली सीट पर मिली है। ऐसे में फिलहाल घटना को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया

- रातभर कार में पड़ा रहा युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस


दुर्घटनाग्रस्त कार, इनसेट में मृतक।

क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल की प्रेसवार्ता

# भाजपा के संकल्प पत्र में सबका साथ-सबका विकास का मूलमंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा द्वारा जारी लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र को लेकर क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल ने भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी में भाजपा ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर फोकस किया है। भाजपा की थीम है 'बीजेपी का संकल्प' मोदी की गारंटी जिसमें देश के सभी वर्गों के विकास की बातें समाहित है। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों का अधिक लक्ष्य रखा गया है। भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं।



प्रेस वर्ता में संकल्प पत्र को दिखाते भाजपा पदाधिकारी।

अब 3 करोड़ अन्य गरीब परिवारों को पीएम आवास दिया जाएगा साथ ही 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी की योजना का लाभ दिया जाएगा। संकल्प पत्र में विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ – युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान को सशक्त करने का लक्ष्य हैं। पिछले 10 वर्ष नारी को समर्पित रहे हैं। आगामी 5 वर्ष नारीशक्ति की भागीदारी के होंगे। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में 5 साल मुफ्त राशन देने मोदी की गारंटी है। मोदी सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए 10 सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है जो एतिहासिक बदलाव है। 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा तथा उन्हें 5 लाख रूपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। मुद्रा लोन की राशि अब 10 लाख से 20 लाख रूपए कर दिया गया है। इसके अलावा निवेश को बढ़ावा और उद्योगों के जरिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। गांवों में अधोसंरचना विकास के लिए 60 हजार नए गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा गया है। रक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य संचार, विरासत को सहेजने के लिए योजनाएं लागू की जाएंगी जिससे देश में रोजगार के साथ विकास दर में तेजी आएगी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ललनप्रताप सिंह, लोकसभा चुनाव संयोजक कमलभान सिंह, सह संयोजक अखिलेश सोनी, पूर्व विधायक विजयनाथ सिंह, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अम्बिकेश केशरी, मुरारीलाल बंसल, संतोष दास, रूपेश दुबे आदि उपस्थित थे।

# गीता के पाठ से अवगुणों से मिलती है मुक्ति : ब्रह्माशंकर

**अम्बिकापुर।** महामना मालवीय मिशन के तत्वाधान में डॉ अनिल सिन्हा के निवास पर आध्यात्मिक संवाद एवं गीता पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीता के अध्याय 15 का सस्वर पाठ उपरांत विद्वानजनों ने व्याख्यान दिया। डॉ अजय तिवारी ने कहा कि आध्यात्मिक संवाद में सहभागी होने से व्यक्ति का अन्तर्मन निर्मल होता है।

व्यक्ति सद्क्रम की ओर प्रेरित होकर सकारात्मक कार्य करता है जिससे व्यक्ति और समाज दोनों को लाभ मिलता है। अवकाश प्राप्त पुलिस अधीक्षक पं.ललित मोहन तिवारी ने कहा कि गीता का उपदेश भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को माध्यम बनाकर सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण हेतु बताई है। जहां गीता का पाठ होता है वह स्थान सकारात्मक ऊर्जा का केन्द्र बनने लगता है। अपने निवास में गीता पाठ का आयोजन करवाना चाहिए। शिक्षाविद् ब्रह्मशंकर सिंह ने कहा कि गीता अध्ययन के लिए व्यक्ति को अपने चौथेपन का इंतजार नहीं करना चाहिए। गीता ज्ञान सिर्फ मोक्ष प्राप्त करने का साधन नहीं है। युवा अवस्था में व्यक्ति ज्यादा सक्रिय होकर कार्य करता है इसलिए इस अवस्था में गीता के प्रति उसका जितना आकर्षण होगा उतना ही सही कार्य करेंगे। यहां तक कि व्यक्ति व्यभिचार और भ्रष्टाचार जैसे अवगुणों से दूर रहेगा। रामजतन सिन्हा ने भजन के माध्यम से गीता ज्ञान पर प्रकाश डाला तथा कहा कि व्यक्ति में सात्विक प्रवृत्ति की अवधारणा सत्संग से बनती है।

- महामना मालवीय मिशन ने गीता पाठकर किया आध्यात्मिक संवाद

## खबर संक्षेप



### 4 सौ से अधिक कन्याओं का पूजन कर कराया गया सामूहिक भोज

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसाइटी के आकाश तिवारी एवं मनोज प्रजापति के नेतृत्व में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर स्थानीय लरंगसाय कम्युनिटी कमेटी हाल में विशाल सामूहिक कन्या भोजन एवं पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 400 से अधिक कन्याओं के पैर धोकर, चुनरी ओढ़ाकर पूजन करते हुए उपहार स्वरूप अध्ययन सामग्री एवं अन्य सामग्री भेंट की गई। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित सामूहिक कन्या भोजन एवं पूजन कार्यक्रम को लेकर कई दिन पूर्व से व्यापक स्तर में तैयारी की जा रही थी। सामूहिक कन्या भोजन एवं पूजन कार्यक्रम में रामानुजगंज सहित आसपास के गांव के कन्याएं भी शामिल हुई। छत्तीसगढ़ वेलफेयर सोसाइटी के आकाश तिवारी एवं मनोज प्रजापति ने बताया कि 9 कन्याओं को मां दुर्गा के नौ स्वरूप मानकर पूजा की जाती है और इन सभी के नाम अलग-अलग होते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार 2 साल की कन्या को कन्याकुमारी, 3 साल की कन्या को त्रिमूर्ति, 4 साल की कन्या को कल्याणी, 5 साल की कन्या को रोहिणी, 6 साल की कन्या को कालिका,7 साल की कन्या को चंडिका, 8 साल की कन्या को शांभवी और 9 साल की कन्या को मां दुर्गा रूप माना जाता है। वही 10 साल की कन्या को सुभद्रा कहा जाता है। देवी पुराण में बताया गया है कि नवरात्रि में मां भवानी जितना प्रसन्न कन्या भोजन से होती है उतना प्रसन्न हवन और दान से भी नहीं होती है। आकाश तिवारी एवं मनोज प्रजापति ने बताया कि विगत 4 वर्षों से सामूहिक कन्या भोजन एवं पूजन का कार्यक्रम कराया जा रहा है।

### पारंपरिक देवी भजन के साथ ज्वार लेकर श्रद्धालुओं ने किया नगर भ्रमण



**प्रतापपुर।** चैत्र नवरात्रि व रामनवमी के अवसर पर जस गीत जवारा के साथ में ग्रामीण क्षेत्र के लोग 9 दिन माता रानी का पूजन करने के साथ ही घर में जवारा बुनकर गाल व जीभ में लोहे का बाना धारण कर पारंपरिक देवी भजन के साथ में जवारा निकालते है। आज तंबूरा और मांदर के थाप पर झूमते नाचते श्रद्धालु नगर में जवरा लेकर भ्रमण किया। भक्तों को आशीर्वाद देते हुए हाथ में खप्पर लेकर ज्वार के साथ माताओं और भक्तों द्वारा दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु नगर भ्रमण किया। माना जाता है की देवी इनके ऊपर में सवार होते है बड़े ही कठिनाई के साथ में पूरा दिन इस तरह से गाल में त्रिशूल आरपार कर गर्म खप्पर लेकर निकलते है जिससे यह व्रत काफी कठिन माना जाता है। नगर में भ्रमण कर रहे ज्वारा को देखने और आशीर्वाद बडी संख्या में लोगों की भीड़ उमडी।

### साप्ताहिक बाजार की जगह परिवर्तन दुर्गावती चौक पर लगेगा साप्ताहिक बाजार

**मानीचौक।** ग्राम केतका में रविवार को लग रहे साप्ताहिक बाजार के जगह को परिवर्तन कर रानी दुर्गावती चौक के समीप स्थानांतरित किया गया है।



भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अवसर पर ग्राम पंचायत केतका के ग्रामीणों ने साप्ताहिक बाजार का जगह स्थानांतरण कर नए जगह में स्थापित किया गया है। क्षेत्र में वर्षो से जिस स्थान पर साप्ताहिक लग रहा था वह जगह छोटा होने के कारण व्यापारियों सहित लोगों को काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ता था। ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच,सहित ग्रामीण आपसी सहमति बनाकर साप्ताहिक बाजार का जगह चयन किया गया है और आने वाले रविवार को दुर्गावती चौक पर बाजार संचालित होगा। इस दौरान सरपंच बाबू लाल सिंह टेकाम, उप सरपंच राज्यपाल कोर्राम, गणेश कोर्राम, देवसाय आयम, रुपेश मरकाम, अंबर आयम, निलेश, अनुराग उरेती,जीतराम मरावी, मिलेश टेकाम, जय प्रकाश, सोनू प्रताप,आशीष पैकरा, डिकलेश, अक्षय, विकास सिंद्राम उपस्थित रहे।

### सर्व यादव समाज ने किया मां कुदरगड़ी का सामूहिक दर्शन



**डांड़गांव।** सर्व यादव समाज द्वारा 13 अप्रैल को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामाजिक बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि माँ कुदरगड़ी धाम में समाज द्वारा बाजे गाजे के साथ महिला ,पुरूष, युवाओं के टोली के साथ देवी दर्शन किया जाएगा। इसी कड़ी में संभागीय अध्यक्ष देवनारायण यादव, रामशंकर यादव जिला अध्यक्ष सुरजपुर, संजय यादव कार्यकारी अध्यक्ष सुरजपुर, कुंज यादव के नेतृत्व में पंचमी के दिन समाज के लोगों ने माँ कुदरगड़ी का दर्शन कर पूजा अर्चना किया। संभागीय अध्यक्ष देवनारायण यादव ने कहा कि यह दर्शन समाज, प्रदेश एवं देश के लोगों के लिए माँ कुदरगड़ी का दर्शन कर खुशहाली की कामना की गई है। इस दौरान अटल बिहारी यादव, रामशंकर यादव, संजय यादव, कुंज लाल यादव, संतोष यादव, सुरज यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारि एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## जगह-जगह किया गया स्वागत

# चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्री राम सेना ने शहर में निकाली भव्य शोभा यात्रा



शोभायात्रा में शामिल युवा।



शोभायात्रा में शामिल उड़ीसा का कालाहांडी कटप्पा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- कालाहांडी कट्टप्पा रहा आकर्षण का केंद्र

चैत्र नवरात्र व रामनवमी के अवसर पर सप्तमी के दिन श्री राम सेना द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ शहर के दुर्गा मंदिर से निकली गई शोभा यात्रा नगर भ्रमण उपरान्त देर शाम महामाया मंदिर में समाप्त हुई जहां महाआरती की गई। इस दौरान शोभा यात्रा जगह जगह स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में उड़ीसा का कालाहांडी कटप्पा, गुजरात से काली माई महाबली हनुमान की झांकी, धुमाल बैंड पार्टी लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। बता दें कि चैत्र नवरात्र के मौके पर शहर सहित जिले का माहौल भक्तिमय हो गया है और जगह जगह विभिन्न आयोजन हो रहे है। ऐसे में चैत्र नवरात्र व रामनवमी के अवसर पर श्री राम सेना द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन सप्तमी के दिन किया गया। शोभा यात्रा को लेकर श्रीराम सेना द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। शहर के घड़ी चौक, देवीगंज रोड, महामाया चौक सहित अन्य स्थानों पर श्री राम सेना द्वारा वृहद् पैमाने पर सजावट की गई थी इसके साथ ही शहर को भगवा रंग से रंग दिया गया। सोमवार की शाम श्री राम सेना द्वारा शहर के दुर्गा मंदिर से शोभा यात्रा की शुरुआत की गई। शोभा यात्रा में उड़ीसा कालाहांडी कटप्पा, गुजरात से काली माई की झांकी, मोनू एन्ड टीम अंबिकापुर, महाबली हनुमान, भगवान शिव व माता पार्वती बनारस, राधा कृष्ण नृत्य रायपुर की झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही लोग धुमाल एवं ढोल का भी जमकर आनंद लिया। शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों की धुनपर जमकर थिरके। शहर में निकाली गई शोभा यात्रा का जगह जगह विभिन्न समाज के लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा नगर भ्रमण उपरान्त महामाया मंदिर पहुंची जहां आरती के के बाद शोभा यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान शहर में जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।





राम दरबार एवं भगवान की शिव की जीवंत झांकी।

# गर्मी की छुट्टियों में स्पेशल समर लाइब्रेरी की दी जाए सुविधा : आदित्येश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने कलेक्टर सरगुजा को पत्र लिख कर शहर के बच्चों, महिलाओं एवं अन्य वर्ग हेतु गर्मी की छुट्टी में स्पेशल समर लाइब्रेरी की व्यवस्था शुरू कराने की मांग की है। विगत दिनों शहर में जनसंपर्क के दौरान कई स्थानों से लोगों ने जानकारी दी कि पहले स्कूली बच्चे काफी आराम से लाइब्रेरी में पुस्तकों का अध्ययन कर पाते थे किन्तु इस वर्ष लाइब्रेरी के प्रथम तल में मरम्मत का कार्य कराया जाना है जिसके कारण उस तल को बंद कर दिया गया है। यह भी जानकारी मिली है कि मरम्मत के लिए राशि का भी अभाव है ऐसी स्थिति में कब तक वह तल पुरा होगा इसकी समुचित जानकारी किसी के पास नहीं है। वहीं दूसरी ओर लोकसभा चुनाव के बाद कई परीक्षाओं का आयोजन होना है जिसके कारण लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं की काफी भीड़ है और ये युवा भी वेटिंग में है। जिसके कारण छोटे बच्चों एवं अन्य लोगों को लायब्रेरी में समुचित व्यवस्था नहीं मिल पा रही है। आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने अपने पत्र में लिखा है कि कई अभिभावकों ने जानकारी दी है कि बच्चें कहानी के पुस्तकें एवं कई अन्य ज्ञानवर्धक पुस्तकों का अध्ययन करने गर्मी छुट्टी में जाते रहे हैं लेकिन इस वर्ष यह व्यवस्था वहां नहीं मिल पा रही है। जिपं उपाध्यक्ष श्री सिंहदेव ने कहा कि इतने बड़े शहर में यदि हम छोटे बच्चों के लिए लाइब्रेरी की सुविधा नहीं दे पा रहे हैं तो इससे बड़ी विडम्बना और क्या होगी। केदारपुर स्कूल अथवा अन्य स्थान पर अप्रैल माह से लेकर जुलाई तक के लिये समर स्पेशल लाइब्रेरी जैसी व्यवस्था बच्चों, महिलाओं एवं अन्य लोगों के लिये जिला प्रशासन एवं ई-लाइब्रेरी की व्यवस्था देख रहे विभाग को शुरू करनी चाहिए जिससे बच्चों में पढ़ने की प्रवृत्ति का विकास हो। साथ ही उन्होंने रविवार को लाइब्रेरी खोलने की जिला प्रशासन की योजना का स्वागत किया है किन्तु बच्चों के लिए भी जिला प्रशासन को ध्यान देने की मांग की है।



- जिपं उपाध्यक्ष ने कलेक्टर को लिखा पत्र, अभिभावकों की भावनाओं से कराया अवगत

### कोयला लोडिंग को लेकर एसईसीएल ओवर मैन के साथ दुर्व्यवहार

**बिश्रामपुर।** नियम विरुद्ध तरीके से कोयला लोडिंग कराए जाने की बात को लेकर कोल लिफ्टर द्वारा एसईसीएल के ओवर मैन के साथ विवाद किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के अमेरा खदान में सोमवार की दोपहर कोयला स्टॉक के पास अपनी वाहन को नियम विरुद्ध तरीके से कोल लिफ्टर सुजीत द्वारा कोयला लोड कराने का प्रयास किया जा रहा था। तभी ड्यूटी में तैनात एसईसीएल कम्पनी के ओवर मैन कैलाश नाथ द्वारा कोल लिफ्टर को ऐसा करने से मना किया गया। इस बात से नाराज होकर कोल लिफ्टर द्वारा ओवरमैन कैलाश नाथ के साथ धक्का मुक्की करते हुए अभद्र व्यवहार किया जाने लगा। इस बात की सूचना ओवर मैन कैलाश नाथ द्वारा तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारीयों को दी गई, इस पर पर वरिष्ठ अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर लिफ्टर सुजीत को नियमानुसार कोयला लोडिंग कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

# सप्तमी को देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सुबह चार बजे ही लग जा रही है श्रद्धालुओं की लाइन
- देवी को मिल रहा नगदी व आभूषणों का चढ़ावा

चैत्र नवरात्रि में शहर सहित पूरे जिलेभर के लोग शक्ति की उपासना में लीन हैं। नवरात्र में भोर होते ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लग रही है। लोग भक्तिभाव से देवी की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। नवरात्र के प्रथम दिन से ही देवी मंदिरों में लगातार श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। महामाया मंदिर में सुबह 4 बजे ही श्रद्धालु देवी का दर्शन-पूजन करने कतार में खड़े हो जा रहे है। महिलाएं पैदल लम्बी दूरी तय कर भोर में ही मंदिर पहुंच रही है। श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन का क्रम देर रात तक चल रहा है। नवरात्रि में माता महामाया की पूजा करने पूरे संभाग के अतिरिक्त प्रदेश के अन्य क्षेत्रों व दूसरे प्रांतों के भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यही स्थिति अन्य देवी मंदिरों की है। शहर के सांडबार स्थित वनदेवी मंदिर, चोपड़ापारा काली मंदिर, गौरी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत कुदरगढ़ धाम में हर रोज हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं तथा पहाड़ की कठिन चढ़ाई पूरी कर धाम में स्थित देवी की पूजा करने पहुंच रहे है। धाम में पूरे दिन श्रद्धालुओं का ताता लग रहा। धाम में न केवल सरगुजा बल्कि छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के साथ यूपी, एमपी, झारखण्ड, बिहार, दिल्ली व राजस्थान के श्रद्धालु पहुंच रहे है। कुदरगढ़ लोकन्यास के आजीवन सदस्य पूरे दिन मौजूद रहकर श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रख रहे है। देवी का पूजन करने के उपरांत श्रद्धालु मेला का लुत्फ उठा रहे है। इस बार बड़ी संख्या में सेवाभावी युवाओं ने 21 हजार का शुल्क भुगतान कर ट्रस्ट की आजीवन सदस्यता ली है। सदस्यता लेने वाले युवा पूरे दिन परिसर में मौजूद रहकर श्रद्धालुओं की सेवा कर रहे है। ट्रस्ट द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर विजय कुण्ड एवं ज्योति कलश कक्ष के शेड का निर्माण कियाजा रहा है। ट्रस्ट द्वारा पुराने शेड की जगह नया शेड बनवाया जा रहा है।



कुदरगढ़ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़।

### चढ़ावे में मिल रही नकद राशि एवं आभूषण

कुदरगढ़ धाम में पहुंचने वाले श्रद्धालु देवी को हर दिन नगर राशि व सोने-चांदी के आभूषण देवी को चढ़ावा दे रहे है। ट्रस्ट द्वारा अतिमहत्वपूर्ण लोगों के दर्शन के लिए सौ रूपए का शुल्क निर्धारित किया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शुल्क भुगतान कर देवी का वीआईपी दर्शन कर रहे हैं। वीआईपी दर्शन से ट्रस्ट को हर दिन अच्छी आय हो रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रस्ट के खाते में आनलाइन माध्यम से चढ़ावा की नगद राशि जमा कर रहे हैं। ट्रस्ट को वीआईपी दर्शन से रविवार को 1 लाख 29 हजार व सोमवार को 1 लाख 35 हजार की आय हुई है। दो दिन मे ट्रस्ट को रविवार को 1.39 लाख रूपए का नगद चढ़ावा एवं सोने-चांदी के छत्र, लॉकेट, त्रिशुल, बिंदी व नेत्र चढ़ावा में मिले थे।

#### मंदिर परिसर में लगाए जा रहे पंखे

भीषण गर्मी में पहाड़ी पर स्थित मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पंखे लगाए जा रहे हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष भुवन भास्कर सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं ने ट्रस्ट को 15 पंखे दान में दिए हैं। पहाड़ी पर स्थित मंदिर परिसर में दोपहर के दौरान भीषण गर्मी लगती है। दान में मिले पंखों को मंदिर परिसर में लगाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अन्य सुविधाएं भी विकसित की जा रही है।

# गीता के पाठ से अवगुणों से मिलती है मुक्तिः ब्रह्माशंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



महामना मालवीय मिशन के तत्वाधान में डॉ अनिल सिन्हा के निवास पर आध्यात्मिक संवाद एवं गीता पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीता के अध्याय 15 का सस्वर पाठ उपरांत विद्वानजनों ने व्याख्यान दिया। डॉ अजय तिवारी ने कहा कि आध्यात्मिक संवाद में सहभागी होने से व्यक्ति का अन्तर्मन निर्मल होता है।

व्यक्ति सद्क्रम की ओर प्रेरित होकर सकारात्मक कार्य करता है जिससे व्यक्ति और समाज दोनों को लाभ मिलता है। अवकाश प्राप्त पुलिस अधीक्षक पं.ललित मोहन तिवारी ने कहा कि गीता का उपदेश भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को माध्यम बनाकर सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण हेतु बताई है। जहां गीता का पाठ होता है वह स्थान सकारात्मक ऊर्जा का केन्द्र बनने लगता है। अपने निवास में गीता पाठ का आयोजन करवाना चाहिए। शिक्षाविद् ब्रह्मशंकर सिंह ने कहा कि गीता अध्ययन के लिए व्यक्ति को अपने चौथेपन का इंतजार नहीं करना चाहिए।

गीता ज्ञान सिर्फ मोक्ष प्राप्त करने का साधन नहीं है। युवा अवस्था में व्यक्ति ज्यादा सक्रिय होकर कार्य करता है इसलिए इस अवस्था में गीता के प्रति उसका जितना आकर्षण होगा उतना ही सही कार्य करेंगे। यहां तक कि व्यक्ति व्यभिचार और भ्रष्टाचार जैसे अवगुणों से दूर रहेगा। रामजतन सिन्हा ने भजन के माध्यम से गीता ज्ञान पर प्रकाश डाला तथा कहा कि व्यक्ति में सात्विक प्रवृत्ति की अवधारणा सत्संग से बनती है।

### नवरात्रि पर तुलसी साहित्य ने की काव्यगोष्ठी



नवरात्रि व मतदाता जागरूकता अभियान के तहत तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता एवं पं.रामनारायण शर्मा, श्यामबिहारी पाण्डेय, पूनम दुबे, उमाकांत पाण्डेय व सच्चिदानंद पाण्डेय के आतिथ्य में काव्यगोष्ठी की। गोष्ठी अर्चना पाठक की सरस्वती वंदना से प्रारम्भ हुई। गोष्ठी में ब्रह्माशंकर सिंह, पं.रामनारायण शर्मा, सच्चिदानंद पाण्डेय ने नवरात्र में नवदुर्गा एवं हिन्दु नववर्ष का महत्व विस्तार से बताया। कवयित्री माधुरी जायसवाल, अर्चना पाठक, पूनम दुबे "वीणा", मंशा शुक्ला, पूर्णिमा पटेल, सीमा तिवारी, श्यामबिहारी पाण्डेय, अम्बरीश कश्यप, रामलाल विश्वकर्मा, उमाकांत पाण्डेय, चंद्रभूषण मिश्र मृगांक, अजय श्रीवास्तव, मुकुन्दलाल साहू ने अपनी उत्कृष्ट रचनाएं सुनाई। काव्यगोष्ठी का संचालन अर्चना पाठक, उमाकांत पाठक एवं आभार प्रदर्शन माधुरी जायसवाल ने किया। इस दौरान मनीलाल गुप्ता, केके त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, प्रमोद मदालसा, यशराज गुप्ता उपस्थित थे।

# बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग पर क्षतिग्रस्त साइड डिवाइडर की अब तक नहीं हो सकी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



पखवाड़े भर पूर्व भटगांव-बिश्रामपुर मार्ग पर स्थित पासंग नाला के पास समीप शासकीय राशन लोड ट्रक के पलटने से साइड डिवाइडर क्षतिग्रस्त हो गया था, इसकी मरम्मत का कार्य अब तक न हो पाने से सड़क हादसा होने का भय बना रहता है। गौरतलब है कि नगर से लगे पासंग नाला के पास पखवाड़े भर पूर्व शासकीय राशन लोडकर शासकीय उचित मूल्य दुकान में भंडारित कराने जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया था। ट्रक पलटने से सड़क किनारे बनाए गए लोहे का साइड डिवाइडर भी वाहन की चपेट में आने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि क्षतिग्रस्त डिवाइडर की वजह से यहां से आवागमन करने वालों में हमेशा किसी अनहोनी का भय बना रहता है। बावजूद इसके यहां की स्थिति को सुधारने आज तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई पहल नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में आमजन में काफी नाराजगी व्याप्त है। क्षेत्रवासियों द्वारा उक्त गंभीर समस्या से निजात दिलाए जाने हेतु विभागीय अधिकारियों से मांग की है। बिश्रामपुर-भटगांव सड़क काफी मार्ग काफी व्यस्तम मार्ग है जहां छोटी बड़ी वाहनों का सदैव आवागमन होता रहता है। उक्त सड़क में कुछ सकरी पुलिया व कुछ घुमावदार मोड़ भी है,ऐसी स्थिति में यहां साइड डिवाइडर के मरम्मत कार्य नहीं कराए जाने से कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

### दूसरे के घर अज्ञात व्यक्ति ने फांसी लगाकर दी जान

**रामानुजनगर।** ग्राम साल्ही निवासी हरगोविंद सिंह आयाम आज सुबह लगभग 10 बजे अपने कमरे में सो रहा था जबकि उसकी पत्नी पास के ही तालाब में स्नान करने गई थी। दोपहर को पत्नी स्नान कर घर लौटी और जैसे ही अंदर दाखिल हुई तो उसके होश उड़ गए। घर के बरामदे में अज्ञात व्यक्ति फांसी में लटका हुआ था। शव को देख महिला शोर मचाने लगी। महिला के शोर मचाने पर पति सहित आसपास लोग मौके पर पहुंचे और अज्ञात व्यक्ति के मृत हालत में फांसी में लटका देख तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव का शिनाख्त कराया तो गांव के लोग पहचान नहीं सके। जिस पर पुलिस ने शव को अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में रखवा कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरों ने पार किया सोलर पंप, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** सिंचाई के लिए लगाए गए सोलर पंप को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम सुमेरपुर निवासी अतुल लकड़ा चेन्द्रा फॉरेस्ट गोदाम के पीछे सिंचाई के लिए सौर सुविधा योजनान्तर्गत क्रेड़ा विभाग के सहयोग से सौर पम्प लगवाया था जिसे रात में चोरो पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## बिजनेस प्लस



### कल्याण ज्वेलर्स का भव्य शुभारंभ


**अम्बिकापुर।** शहर के बनारस रोड में रविवार को कल्याण ज्वेलर्स के शोरूम का भव्य शुभारंभ किया गया। शोरूम के शुभारंभ के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा




ग्राहकों को शुन्य प्रतिशत मेकिंग चार्ज का महाऑफर दिया जा रहा है। कल्याण ज्वेलर्स में हर ज्वेलरी में बीआईएस हॉलमार्क द्वारा शुद्धता की गारंटी दी जा रही है। संस्थान में हर वर्ग की जरूरत का ख्याल रखते हुए आकर्षक डिजायन में प्लेटिनम, सोना, चांदी, पोल्की की ज्वेलरी उपलब्ध है। संस्थान में कैंडलियर की लाइफ स्टाइल ज्वेलरी भी उपलब्ध हैं।

16- APR-Jash-RAGH--JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/16/2024 7:55 PM Page 1





# ‘साइलेंस 2’ में मनोज जंचे एसीपी अविनाश के किरदार में

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ‘साइलेंस 2’ को लेकर चर्चा में हैं। यह 2021 में आई फिल्म ‘साइलेंस’ की दूसरी किस्त है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया, जिसे काफी पसंद किया गया। इसके बाद अब ‘साइलेंस 2’ मनोज की नई झलक सामने आई है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है। मनोज एसीपी अविनाश बन एक बार दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए लौट रहे हैं। मनोज ने ‘साइलेंस 2’ से अपनी पहली झलक साझा करते हुए लिखा, ‘हर बुरे के लिए हमेशा एक बदमाश पुलिस वाला होता है और वह है एसीपी अविनाश।’ ‘साइलेंस 2’ का प्रीमियर 16 अप्रैल से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा।

लाइफ Style

# आलिया

## अब राजकुमारी बन चलाएंगी जादू

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म इंडस्ट्री की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक आलिया भट्ट ने अपने अभिनय से हमेशा दर्शकों को प्रभावित किया है। आलिया के पास एक से बढ़कर एक फिल्में हैं, जिनमें वह अभिनय कौशल दिखाती नजर आने वाली हैं।

इस बीच अब एक ऐसी खबर आई है, जिसे सुनकर अभिनेत्री के प्रशंसक खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, खबर है कि जानी-मानी फिल्म निर्माता गुरिंदर चड्ढा की म्यूजिकल फिल्म में आलिया नजर आ सकती हैं।

**मुख्य किरदार निभा सकती हैं आलिया :** ‘बेंड इट लाइक बेकहम’ और ‘ब्राइड एंड प्रेजुडिस’ जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध गुरिंदर इस समय एक म्यूजिकल फिल्म पर काम कर रही हैं। फिल्म की कहानी भारतीय राजकुमारी के इर्द-गिर्द बुनी जाएगी। गुरिदंर इस फिल्म का निर्माण डिज्नी के तहत कर रही हैं। ऐसे में जिस दिन से फिल्म बनने की खबरें सामने आई हैं, तभी से दर्शकों को इसके कलाकारों के बारे में जानने की उत्सुकता है। रिपोर्ट के अनुसार, गुरिंदर काफी समय से आलिया के साथ मुख्य भूमिका निभाने को लेकर चर्चा कर रही हैं। सूत्र ने कहा, गुरिंदर-आलिया के बीच कुछ समय से बातचीत चल रही है। हालांकि, कास्टिंग पर फैसला इसकी पूरी स्क्रिप्ट तैयार होने के बाद ही होगा, लेकिन आलिया फिल्म के लिए निर्माता की पहली पसंद हैं। बता दें, अफवाहें तब से तेज हो गई हैं, जब से गुरिंदर ने लंदन में आलिया के होप गाला में भाग लिया।



## हॉलीवुड मसाला



# फिर सुर्खियों में नजर आया मॉर्गन

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड सिंगर मॉर्गन वालेन अक्सर ही किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में सिंगर इंडियानापोलिस के लुकास ऑयल स्टेडियम में अपने प्रदर्शन के बाद काफी चर्चाओं में बने हुए हैं। खबरों के मुताबिक, 30 साल के हॉलीवुड सिंगर मॉर्गन वालेन ने नैशविले शहर में एक नए खुले छह मंजिला बार की छत से एक कुर्सी फेंक दी, जिसके बाद पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। मेट्रो नैशविले पुलिस ने ट्वीट करते हुए बताया, ‘30 साल के वालेन पर लापरवाह खतरे के तीन गंभीर मामलों और अव्यवस्थित आचरण के एक दुष्कर्म मामले में सोमवार सुबह जेल भेज दिया गया है।




# ‘फोली अ दु’ का सामने आया ट्रेलर

**लॉस एंजिलस।** साइकोलॉजिकल थ्रिलर ‘जोकर’ के सीक्वल का टीजर ट्रेलर रिलीज हो गया है। जी हां, ‘जोकरः फोली अ दु’ का टीजर ट्रेलर न हैरानी पैदा करता है बल्कि दुनिया के सबसे सनकी और खूंखार विलेन से रूबरू करवाता है। एक बार फिर ऑर्थर के रोल में जोकिन फीनिक्स दिल-दिमाग सब जीत लेते हैं। उनके साथ हार्ले क्विन (लेडी गागा) भी हैं। मेकर्स ने इसे टीजर ट्रेलर कहा है। वैसे कुछ लोग इसे पहला ट्रेलर मान रहे हैं जो कि 2 मिनट 25 सेकेंड का है। ‘जोकरः फोली अ दु’ को डायरेक्टर डोट फिलिप्स ने बनाया है जो कि सिनेमाघरों में 4 अक्टूबर 2024 को रिलीज होगी। साल 2019 में आई जोकर का सीक्वल में लेडी गागा और जोकिन फिनिक्स के अलावा ज़ाज़ी बीट्ज़, ब्रेंडन ग्लीसन, स्टीव कूगन और कैथरीन कीनर भी नजर आएंगे।



# मनीषा ने भंसाली का जताया आभार...

**मुंबई।** मनीषा कोइराला ने कई शानदार फिल्मों से दर्शकों का दिल जीता है। हालांकि, 2012 में कैंसर के कारण अभिनेत्री ने फिल्मी दुनिया से पूरी तरह दूरी बना थी तो अब वह फिर पर्दे पर वापसी कर चुकी हैं। मनीषा जल्द ही संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज ‘हीरामंडी’ में नजर आएंगी। ऐसे में अभिनेत्री ने ‘हीरामंडी’ के लिए आभार जताया है। मालूम हो कि भंसाली की ‘हीरामंडी’ 1 मई को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। मनीषा ने इंस्टाग्राम पर अपने करीबियों की तस्वीरें साझा कर आभार जताते हुए नोट साझा किया। मनीषा ने लिखा भगवान की कृपा से कैंसर के बाद मुझे दूसरी जिंदगी मिली है। मैंने जीवन में बहुत कुछ देखा है और कई गलत रास्ते भी अपनाए हैं। जिंदगी में आए उतार-चढ़ावों ने बहुत कुछ सिखाया।




# ‘12वीं फेल’ ने तोड़ा गदर का रिकार्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल ने सिल्वर जुबली पूरी कर इतिहास रच दिया है। विधु विनोद चोपड़ा की लिखी और निर्देशन में बनी 12वीं फेल अनुराग पाठक की इसी नाम की किताब पर आधारित है। यह फिल्म आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के जीवन पर आधारित है। विक्रांत मैसी ने इस फिल्म में मनोज शर्मा की मुख्य भूमिका निभायी है। इस फिल्म में विक्रांत मैसी के अलावा मेधा शंकर की भी अहम भूमिका है। फिल्म 12वीं फेल 27 अक्तूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म 12वीं फेल ने सिनेमाघरों में सिल्वर जुबली पूरी कर इतिहास रच दिया है। फिल्म 12वीं फेल के पहले वर्ष 2001 में प्रदर्शित सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म गदर-एक प्रेम कथा ने सिल्वर जुबली मनाई थी।

## टीवी मसाला

# मुंबई में आकर खाए खूब धक्के 10 रुपए में खाती थी खाना

**मुंबई।** बिग बॉस में भले ही अंकिता लोखंडे को जीत हासिल नहीं हुई हो लेकिन फैंस उन्हें आज भी टीवी की क्वीन मानते हैं। अपने पहले ही शो से बेशुमार शोहरत हासिल करने वाली अंकिता का मुंबई आना और यहां स्ट्रगल करना किसी इंस्पायरिंग स्टोरी से कम नहीं है। बता दें कि मुंबई आने के बाद छोटा-बड़ा एक्टर बनने के लिए सभी को स्ट्रगल का सामना करना पड़ता है। अंकिता लोखंडे को भी इससे दो चार होना पड़ा था। उन्होंने हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान अपने संघर्ष की कहानी बयां की। इस दौरान इंटरव्यू में उनके पति विक्की जैन भी मौजूद थे। इंटरव्यू के दौरान विक्की जैन कहते हैं कि अंकिता को कभी भी पैसे की नहीं पड़ी रहती। इस पर अंकिता ने मुंबई में अपने शुरुआती दिनों की कहानी सुनाई।



### दो वड़ापाव, एक बोतल पानी पर गुजारे दिन

अंकिता ने कहा- ‘’मुझे तब 75-100 रुपये मिलते थे। महीने के 5 हजार रुपये कमा लेती थी। मुझे बस रेंट निकालना होता था। उसके बाद मैं देख लूंगी। मेरे पास दस रुपये होते थे, उसमें दो वड़ापाव आ जाते थे। ठंडे पानी की बोतल आ जाती है। ये मेरा खाना होता था. मुझे टैक्सी वाले को दिखाना होता था, मैं फोन पर एक्ट करती थी और कहती थी कि मुझे अंधेरी तक छोड़ दो। पर मैं बीच में ही उतर जाती थी। फिर टैक्सी का पैसा बचाने के लिए ऑटो लेकर आती थी। पर मैं खुश थी क्योंकि मुंबई जैसे शहर में रहकर कुछ भी कमा रहे हो तो आप अपने लिए कुछ ना कुछ कर रहे हों।

### अंकिता को कैसे मिली थी कामयाबी

अंकिता लोखंडे को पहला शो पवित्र रिश्ता मिला था। इसमें उन्होंने अर्चना देशमुख का कैरेक्टर प्ले किया था। उस शो ने उन्हें घर-घर में फेमस कर दिया था। जल्द ही वो टीवी की दुनिया का बड़ा नाम बन गई थीं। इस शो की मेकर एकता कपूर थीं। यहीं उनकी मुलाकात सुशांत सिंह राजपूत से हुई थी। दोनों शो में एक साथ थे और यहीं उनकी लव स्टोरी शुरू हुई थी। सुशांत ने आगे चलकर शो को छोड़कर फिल्मों का रुख कर लिया था और धीरे-धीरे उनका रिश्ता भी टूट गया।

### ऐसा रहा है अंकिता का कॅरियर

अंकिता का कॅरियर टीवी के बाद फिल्मों में भी रहा है। हाल में ही उन्हें फिल्म ‘स्वातंत्र्य वीर सावरकर’ में देखा गया था। इससे पहले उन्होंने कंगना रनौत की फिल्म मणिकर्णिका से फिल्मों में एंट्री ली थी। टीवी की बात करें तो बिग बॉस में अपने पति विक्की जैन के साथ पहुंची थीं। यहां दोनों बतौर कपल ही शो में गए थे। शो के दौरान उनके पर्सनल रिश्ते में भी काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले थे। शो में कई बार हंगामा भी हुआ था। बिग बॉस में अंकिता चौथे नंबर पर थीं।

# फरदीन खान का 14 साल बाद ‘हीरामंडी’ से कमबैक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता फरदीन खान ने अपनी आने वाली वेबसीरीज हीरामंडीः द डायमंड बाजार के जरिए बतौर अभिनेता 14 साल बाद कमबैक किया है, जिसे लेकर वह भावुक हो गए। फिल्म में फरदीन खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडीः द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। फरदीन खान ने कहा कि संजय लीला भंसाली और नेटफ्लिक्स का बहुत-बहुत आभारी हूं, जो मुझे ये मौका मिला। हीरामंडीः द डायमंड बाज़ार 01 मई 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।



***दूल्हा मिल गया में आए थे नजर :*** फरदीन खान 14 साल बतौर अभिनेता वापसी कर रहे हैं। फरदीन खान अंतिम बार वर्ष 2010 में प्रदर्शित फिल्म दूल्हा मिल गया में बतौर अभिनेता नजर आए थे। इस फिल्म में फरदीन खान के साथ सुष्मिता सेन ने भी अहम भूमिका निभाई थी। बतौर अभिनेता 14 साल बाद कमबैक करने को लेकर भावुक हो गए। फरदीन खान ने कहा, मैं खुद को बहुत लकी मानता हूं कि दुबारा से मुझे आप सबसे जुड़ने का और फिल्म इंडस्ट्री में वापसी करने का अवसर मिल रहा है। यह पल मुझे बहुत इमोशनल करने वाला है।

# सल्लू ही नहीं इन स्टार्स को भी मिल चुकी है जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** सलमान खान पहले बॉलीवुड स्टार नहीं है जिन्हें जान से मारने की धमकी मिली है। इससे पहले भी फिल्म इंडस्ट्री में कई स्टार्स ऐसे हालातों का सामना कर चुके हैं। हाल ही में रविवार 14 अप्रैल की सुबह बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग होने के बाद चारों तरफ हलचल मच गई है। बता दें कि सलमान खान के अलावा शाहरुख खान को गैंगस्टर छोटा राजन के साथी रवि पुजारी ने जान से मारने की धमकी दी थी। जब एक्टर फिल्म ‘हैप्पी न्यू ईयर’ की शूटिंग कर रहे थे, तब उन्हें एक नोट मिला था, जिस पर लिखा था- ‘अगला नंबर तुम्हारा है। इसके अलावा फिल्म ‘पठान’ और ‘जवान’ के हिट हो जाने के बाद भी शाहरुख को धमकी भरे फोन आ रहे थे।



जिसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने शाहरुख खान की सुरक्षा के लिए वाय+ सिक्योरिटी का इंतजाम किया था।

### आमिर ने खरीदी 10 करोड़ की बुलेट प्रूफ गाड़ी

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्ट के नाम से पहचाने जाने वाले आमिर खान का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। जब एक्टर ‘सत्यमेव जयते’ की शूटिंग कर रहे थे तो उन्हें जान से मारने की धमकी मिली थी। इस धमकी के मिलने के बाद आमिर खान ने 10 करोड़ की कीमत वाली बुलेट प्रूफ गाड़ी खरीदी थी।



### अक्षय-कंगना को भी मिली धमकी

इसी कड़ी में बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार को भी कुख्यात अंडरवर्ल्ड गैंगस्टर रवि पुजारी से जान से मारने की धमकी मिली है। इसके बाद एक्टर के लिए सिक्योरिटी का इंतजाम किया गया था। इसके अलावा एक्ट्रेस कंगना रनौत को भी धमकियां मिल चुकी हैं. इसके बाद कंगना ने पुलिस में कंप्लेंट दर्ज करवाई थी। कंगना को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद सरकार ने वाय+ सिक्योरिटी दी थी।



## ‘चंद्रगुप्त मौर्य’ को जनता का खूब प्यार मिला था

# इतिहास में दिलचस्पी है तो देखिए ओटीटी पर मौजूद ये शानदार शो

***मुंबई।** आज के समय में ओटीटी पर हर तरह का कंटेंट उपलब्ध है। यहां क्राइम से लेकर लेकर कॉमेडी हर जॉनर की फिल्में और वेब सीरीज उपलब्ध हैं। ऐतिहासिक फिल्मों की भी ओटीटी पर भरमार है। ऐसे में अगर आपको इतिहास में रुचि है तो आपके लिए यहां बहुत से विकल्प हैं, लेकिन आज हम आपको ऐतिहासिक शो के बारे में बता रहे हैं, जो आपका मनोरंजन तो करेंगे ही साथ ही साथ आपका ज्ञान भी बढ़ाएंगे।*



### ‘जोधा अकबर’

जोधा बाई और अकबर की प्रेम कहानी हमारे इतिहास की अब तक की सबसे मशहूर प्रम कहानियों में से एक है। इस पर बनी फिल्म तो आपने देखी होगी, लेकिन हम आपको जी टीवी पर प्रसारित हुए शो के बारे में बता रहे है, जिसमें रजत टोकस और परिधि शर्मा नजर आई थीं। यह जी5 पर मौजूद है।

### ‘वीर शिवाजी’

वीर शिवाजी के जीवन पर साल 2011 में एक टीवी शो बना था, जिसका प्रसारण ‘कलर्स’ पर किया गया था। अब अगर आप शिवाजी महाराज के जीवन को समझना चाहते हैं तो आप वूट पर यह शो देख सकते हैं। 17वीं सदी के मराठा साम्राज्य को स्थापित करने वाले ‘छत्रपति शिवाजी महाराज’ के जीवन को दिखाते इस शो की कहानी के साथ-साथ इसके किरदारों ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया था।






### ‘चंद्रगुप्त मौर्य’


शायद आपने टीवी पर ‘चंद्रगुप्त मौर्य’ भी जरूर देखा होगा और अगर नहीं देखा तो ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर मुफ्त में इस शो का मजा ले सकते हैं। यह शो पहले मौर्य सम्राट और मौर्य साम्राज्य के संस्थापक चंद्रगुप्त मौर्य के जीवन पर आधारित है। इसमें अभिनेता फैसल खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी। सोनी टीवी पर आए इस शो को जनता का खूब प्यार मिला था।

### ‘झांसी की रानी’ और ‘चंद्रनंदिनी’

जी5 पर मौजूद ऐतिहासिक ड्रामा सीरीज ‘झांसी की रानी’ भी आपका दिल जीत लेगी। रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर आधारित इस सीरीज में उल्का गुप्ता ने मुख्य भूमिका निभाई थी। अरुणा ईरानी और अश्नूर कौर भी इसका हिस्सा थीं। उधर एकता कपूर का शो ‘चंद्रनंदिनी’ चंद्रगुप्त मौर्य की प्रेम कहानी पर आधारित है, जिन्हें राजकुमारी नंदिनी से प्यार हो जाता है। यह शो डिज्नी+ हॉटस्टार पर उपलब्ध है। रजत टोकस और श्वेता बासु प्रसाद इस शो का हिस्सा थे।



## खबर संक्षेप



### 35 लीटर महुआ शराब की जब्त, दो गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में पूंजीपथरा पुलिस द्वारा कल ग्राम तराईमाल के उरांव मोहल्ला में दो व्यक्तियों को अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी सहेश लाल उरांव पिता झूलन उरांव उम्र 43 वर्ष निवासी तराईमाल को पकड़ा जिसके कब्जे से 25 लीटर अवैध महुआ शराब किमती 2,500 रूपए तथा आरोपी मनोहर उरांव पिता धोबा राम उरांव उम्र 30 वर्ष निवासी तराईमाल के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब कीमत 1,000 की जप्ती की गई है। दोनों आरोपियों पर थाना पूंजीपथरा में पृथक पृथक अपक्र 106, 107/2024 धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, सउनि चंदन सिंह नेताम, सउनि विजय कुमार एक्का, प्रधान आरक्षक अमित तिर्की, विनीत तिर्की, नंद साय कंवर, आरक्षक महिला आरक्षक पितांबर पटेल, निर्दोष लकड़ा, महिला आरक्षक प्रभावित पुष्पा कुजूर शामिल थे।

### जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे हैं ग्रामीण

**सरिया।** विलंबित जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए ग्रामीण इन दोनों भारी परेशान हैं। दो महीनों से ऑनलाइन का कार्य ठप होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दे की विलंबित मृत्यु प्रमाण पत्र पाने के लिए ग्रामीण तहसील कार्यालय में विधिवत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर मृत्यु प्रमाण पत्र पाने के लिए तहसीलदार द्वारा आदेशित किया जाता है। तत्पश्चात पंचायत सचिव के द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निकलने का कार्य किया जाता है। लेकिन विगत दो माह से पूरे छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन के माध्यम से निकलने वाले विलंबित जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए ग्रामीण भटक रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में ग्राम पंचायत लुकापारा के विद्याधर साहू पिता मोहनो साहू ने अपने पिता के मृत्यु 28 मार्च 1985 को हुआ है इसके मृत्यु प्रमाण पत्र पाने के लिए तहसीलदार सरिया के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। जहां विधिवत दस्तावेज प्रस्तुत होने के बाद तहसीलदार सरिया के द्वारा सचिव ग्राम पंचायत लुकापारा को विलंबित मृत्यु प्रमाण पत्र मोहनो साहू के नाम जारी करने का आदेश जारी किया गया। करीब 15 दिन बीतने के बाद भी विद्याधर साहू को अपने पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र पाने के लिए पंचायत का चक्कर काटना पड़ रहा है। विद्याधर साहू का कहना है कि मेरे पूज्य पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण मुझे विभिन्न प्रकार के समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है।

### तस्करों के कब्जे से मुक्त कराए गए 45 मवेशी



**रायगढ़।** थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर को सूचना मिला कि रोडोपाली से मुडागांव जाने वाले रास्ते में कुछ पशु तस्कर कृषक मवेशियों को क्रूरतापूर्वक मारते पीटते पैदल लेकर जा रहे हैं। तत्काल थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ कार्रवाई के लिए ग्राम रोडोपाली पहुंचे। जहां गांव के सुरेन्द्र डेहरी ने बताया कि उन्होंने चार व्यक्तियों को मवेशियों को मारते पीटते लेकर जाते हुए रोका और सूचना दी है। मौके पर तमनार पुलिस ने चार पशु तस्कर आरोपी मनोज यादव पिता शंख प्रसाद यादव उम्र 19 साल निवासी छर्राटांगर थाना पूंजीपथरा बुद्धू राम एक्वा पिता बिहानू एक्का उम्र 44 साल निवासी नारायणपुर मुड़ापारा थाना लैलूंगा, रमेश कुमार मांझी पिता लक्ष्मण मांझी 31 साल नारायणपुर मुड़ापारा थाना लैलूंगा, गुरुदेव ध्रुव पिता शुभम ध्रुव उम्र 45 साल निवासी लपई थाना कांसाबेल जिला जशुपुर के कब्जे से 45 नग कषिधन मवेशियों को पुलिस कब्जे में लिया।

## आरोपियों से डेढ़ किलो चांदी के जेवरात, 6 मोबाइल व औजार जब्त

# अंतर्राज्यीय पत्थर गिरोह के 6 आरोपी सहित 2 व्यापारियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले सहित राज्य के अन्य जिलों में सूने मकान में चोरी करने वाले पत्थर गिरोह के 6 आरोपियों सहित चोरी का सामान क्रय करने वाले 2 व्यापारियों को पुलिस ने मध्यप्रदेश के अलिराजपुर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों से चोरी गए करीब डेढ़ किलो जेवरात, 6 मोबाइल व चोरी में प्रयुक्त सामान जब्त किए गए है। इस गिरोह ने जिले में चोरी के 5 वारदातों को अंजाम दिया है।

प्रेसवार्ता में पुलिस ने बताया कि इस गैंग का नाम पत्थर गैंग इसलिए पड़ा, क्योंकि यह चोरी से पहले सामान्य तरीके से घूम घूमकर रैकी करते थे और अपने साथ पत्थर रखा करते थे। इस गैंग में करीब 16 सदस्य शामिल हैं, जो अलग अलग 4 गैंग में बंटे हुए हैं। पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि आरोपियों ने जिले के कृष्णा विहार कोलानी, ग्राम बेलारी, मुरालीपाली, सांगीतराई के अलावा राज्य के अन्य कई जिलों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। गिरोह का मास्टर मांइड आलम सिंह बामनिया और सूर्या उर्फ सुअर मोहनिया हैं, वर्तमान में दोनों पुलिस की गिरफ्त में हैं।

इस पत्थर गैंग ने बीते माह फरवरी को कोतरारोड थाना क्षेत्र के कृष्णाविहार कालोनी स्थित अंकित अग्रवाल के सुने मकान में 6-7 फरवरी की दरम्यानी रात दरवाजा का लॉक तोड़कर घर के भीतर रखे अलमारी को तोड़ते हुए उसमे रखे सोने-चांदी के जेवरात को चोरी कर लिया। चोरी गए आभूषणों की कीमत करीब 1 लाख 35 हजार रूपए आंकी गई। इस मामले में कोतरा रोड पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। इसी बीच शहर में हुई अन्य चोरियों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा चोरी के मामले तथा चोरी गए सामानों व अज्ञात चोरों की पतासाजी के लिए डीएसपी व साइबर सेल प्रभारी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में साइबर सेल और थाना कोतरारोड़ की संयुक्त टीम का गठित की गई। इन मामलो की विवेचना के दौरान ही डीएसपी श्री उपाध्याय की टीम को पत्थर गिरोह के मास्टर मांइड आलम सिंह बामनिया को 07 अप्रैल को जूटमिल इलाके में रैकी करते समय संदिग्ध अवस्था में हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ में उसने कोतरारोड़ व जिले के अन्य क्षेत्रों में अपने गिरोह के सदस्यों के साथ चोरी करने की बात कबूल की। आरोपी को पुलिस ने 04 दिन रिमांड में लेकर विस्तृत पूछताछ कर गिरोह के सदस्यों की जानकारी ली।





### इस तरह करते थे चोरी

गिरफ्तार किए गए पत्थर गिरोह के चोर थैले में पाना, पेचकस, पत्थर रखे होंते हैं। दिन के समय सामान्य तौर पर घूम घूम कर सुने घरों की रैकी करते और रात में सुनियोजित तरीके से चोरी को अंजाम देते थे। आरोपी स्थानीय ज्वेलर्स दिलीप सोनी और उसके बेटे रोहित सोनी के पास चोरी का माल बेचते थे। ज्वेलर्स उन जेवरातों को पिघला कर उनसे नये आभूषण क्रय कर दुकान पर बेचता था।

### तीन जिलों की पुलिस की बनी थी टीम

पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर डॉ. संजीव शुक्ला के दिशा-निर्देश पर गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामानों की बरामदगी के लिये के रायगढ़, बलौदा बाजार, दुर्ग की संयुक्त विशेष टीम गठित किया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर डीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में विशेष टीम को अलिराजपुर, धार, झाबुआ के लिये रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा अलिराजपुर के विभिन्न इलाकों में आरोपियों की सघन पतासाजी कर गिरोह की 02 महिला पेमली बाई व गम बाई और 02 पुरूष चाम सिंह बामनिया तथा जालम मोहनिया को हिरासत में लिया गया।

### गिरफ्तार आरोपी

चोरियों में शामिल आलम सिंह बामनिया पिता दूढीया बामनिया उम्र 48 साल निवासी ग्राम छडावद नरवाली थाना टांडा जिला धार मध्यप्रदेश, सूर्या उर्फ सुअर मोहनिया पिता बुधु मोहनिया उम्र 30 साल निवासी ग्राम पोहा थाना उदयगढ़ जिला अलिराजपुर मध्यप्रदेश, जालम मोहनिया पिता बुधु मोहनिया उम्र 32 साल निवासी ग्राम पोहा थाना उदयगढ़ जिला अलिराजपुर, चामसिंह बामनिया पिता दूढीया बामनिया उम्र 30 साल निवासी ग्राम छडावद नरवाली थाना टांडा जिला धार, पेमली बाई पति लाला मुएल उम्र 32 साल निवासी ग्राम पोहा थाना उदयगढ़, गम बाई पति सेकू मुएल उम्र 43 साल ग्राम पोहा थाना उदयगढ़ तथा चोरी की सम्पत्ति खरीदी करने वाले आरोपियों में दिलीप सोनी पिता जमक सोनी उम्र 53 साल निवासी बोरी रोड़ पुलिस चौकी पारा थाना सिटी कोतवाली झाबुआ, रोहित सोनी पिता दिलीप सोनी उम्र 28 साल निवासी बोरी रोड़ पुलिस चौकी पारा थाना सिटी कोतवाली झाबुआ को गिरफ्तार किया गया है।



# बोगस खरीदी को जीरो शॉर्टेज करने दबाव बना रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा के राजपुर धान उपार्जन केंद्र में धान की बोगस खरीदी मामले में प्रबंधक और ऑपरेटर ने कलेक्टर और एसपी से शिकायत कर लिपिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। अफसरों पर भी बोगस खरीदी को शून्य कराने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

धान खरीदी को अवैध कमाई का जरिया बनाया जा चुका है। समिति कर्मचारी और अफसरों का गठजोड़ हर साल शासन को करोड़ों का नुकसान पहुंचा रहा है। खरीदी के दौरान ही बोगस खरीदी की जानकारी मिलने के बाद भी जिला प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। खाद्य विभाग, मार्कफेड, सहकारिता और अपेक्स बैंक ने मिलकर ऐसी समितियों को संरक्षण दिया। इनमें राजपुर भी एक है। राजपुर में लिपिक दर्शन साव पर 4500 क्विंटल धान की बोगस खरीदी के आरोप में अब नया ट्विस्ट आ गया है। राजपुर के डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं प्रभारी प्रबंधक सलीम भगत, फड़ प्रभारी मुरलीधर नाग और बारदाना प्रभारी आकाश भगत ने कलेक्टर एवं एसपी कार्यालय पहुंच कर लिपिक दर्शन साव के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उनका कहना है कि धान खरीदी केंद्र राजपुर में हुई बोगस धान खरीदी का जिम्मेदार लिपिक दर्शन साव है। उसी ने गड़बड़ी की है। नए होने के कारण कर्मचारियों पर दबाव बनाकर फर्जी खरीदी की गई है। दर्शन साव के खिलाफ पूर्व में भी कई बार जांच हो चुकी है लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। इस बार फिर से 4500 क्विंटल धान की बोगस खरीदी हो गई। दूसरी तरफ अधिकारी धान खरीदी की कमी को जीरो शॉर्टेज करने का दबाव बना रहे हैं।

- लिपिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग

# लीनेस क्लब ने कन्या पूजन कर मनाया नवरात्रि पर्व

**रायगढ़।** सेवा के क्षेत्र में सदैव से ही अग्रणीय ऑल इंडिया लीनेस क्लब प्रगति रही हैं। प्रगति क्लब भक्ति कार्यों में भी सदैव चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं और लेते रहेंगे। लीनेस क्लब प्रगति के सदस्यों ने 13 अप्रैलए दिवस शनिवार को नवरात्रि की पंचमी व बैसाखी के उपलक्ष्य में कन्या पूजन किया। कन्या पूजन सचिव लीनेस सबीता गेरा के निवास स्थान पर आयोजित की गई लीनेस प्रगति के सभी सदस्यों ने सर्वप्रथम छोटी छोटी कन्याओं का पूजन कर किया कन्याओं के साथ.साथ लंकड़ा एवं भैरव बाबा की भी पूजा की गई प्रगति के सदस्यों ने सर्वप्रथम कन्याओं व लंकडा के चरण धोकर उनकी पूजा आरंभ की उसके उपरांत तिलक एवं अक्षत लगाकर उनकी आरती उतार कर पूजा अर्चना की गई पूजा के उपरांत कन्याओं एवं लक्कड़ों को उपहार भेंट की गई प्रत्येक सदस्यों ने कन्याओं को उपहार भेट किया उपहार के रूप में अनेक प्रकार की सामग्रियां भेंट की गई जैसे टिफिन बॉक्स, पेंसिल बॉक्स एवॉटर बॉटलए रुमाल, क्लचरए लीची जूस, बिस्किट, नूडल्स चीप्स एवं रुपए आदि दी गई। सभी कन्याएं उपहार पाकर प्रसन्न हो गई और प्रसन्न होकर सभी सदस्यों को अपने छोटे छोटे हाथों से आशीर्वाद दी। इस शुभ कन्या पूजन में निम्न सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई अध्यक्ष लीनेस हेमा शाह सचिव सबीता गेरा, कोषाध्यक्ष रेणु बेरीवाल, पुष्पा मेहमिया, अनु केडिया, निशा मेहता, बबीता शर्मा, ममता कमल अग्रवाल एवं सुधा अग्रवाल आदि लीनेस सखियां उपस्थिति रही।

### सांस्कृतिक महोत्सव में आरू के लोकगीतों पर झूमे श्रोता

**चंद्रपुर।** नवरात्र के षष्ठी 14 अप्रैल रविवार कों स्कूल खेल मैदान चंद्रपुर में शाम 8 बजे से रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गायिका आरु साहू ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का उदघाटन अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत एवं नगर पंचायत अध्यक्ष भारती उरांव मौजूद थे। प्रबंधक गोविन्द अग्रवाल के साथ प्रदेश भाजपा युवा कार्यकारणी के सदस्य सुजीत पाण्डेय मौजूद रहे। दीप प्रज्वलन के बाद अतिथियों का सम्मान हुआ एवं कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। मंत्रमुग्ध कर देने वाली आवाज़ के साथ आरु ने श्रोताओं कों बांधे रखा। जैसा की आप जानते है आरु साहू बाल गायिका के रूप में छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध रही है। आरू साहू की दिल छू लेने वाली आवाज से उनकी लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। तीसरे दिन के कार्यक्रम स्वाति मिश्रा शाम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी कों लेकर मंदिर न्यास के लोगो ने आम जन कों भजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने आमंत्रित किया है।

# सवा लाख दीपों से जगमग होगी रामनवमीं, निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ की भव्य और ऐतिसाहिक रामनवमी शोभायात्रा को लेकर अग्रसेन भवन में श्री रामनवमी सेवा समिति के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर इस अवसर पर 17 अप्रैल को भव्य और ऐतिहासिक शोभायात्रा निकालने की जानकारी दी। इस शोभायात्रा में अलग अलग समाजों से लगभग 54 समाज के लोग शामिल होते हैं वहीं इस वर्ष और 3 समाज के शामिल होने की बात कही गई है। यानी लगभग 57 समाज के लोग इस भव्य और ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा इस बार बनेंगे। यह शोभायात्रा नटवर स्कूल प्रांगण से दोपहर 3 बजे प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरती हुई रामलीला मैदान पहुंचेगी जहा साधुए संतो द्वारा श्री राम की भव्य महाआरती के साथ इसका समापन किया जाएगा। रायगढ़ की श्री राम नवमी शोभायात्रा में इस बार कुछ नया करने की दिशा में पहल करते हुए अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर राम मंदिर की झांकी श्री राम की प्रतिमा स्थापित कर निकाली जाएगी।इसके अलावा 3 बाहुबली हनुमान जिसमें से एक रायगढ़ और दो अन्य शहरों से शामिल होंगे, महादेव के साथ 6 अघोरी भी साथ चलेंगे। इसके अलावा महाराष्ट्र से तासा बैंड, पंजाब से गदका पार्टी, आदिवासी नृत्य, धमाल पार्टी भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

- आयोजक इकाई ने प्रेसवार्ता कर दी रामनवमी शोभायात्रा की जानकारी




### 25 चौक चौराहों पर होगी व्यवस्था

शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर समिति के दो सदस्य समिति व्यवस्था संभालने जुटे रहेंगे। ताकि इस भव्य आयोजन के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति को संभालने और सुरक्षा की दृष्टि से भी मोर्चा संभालेंगे। इस भव्य रामनवमी शोभा यात्रा में पिछले बार कुल 17 सामाजिक झांकियां शामिल होती थीं जिसकी संख्या भी इस बार बढ़ सकती है इसके अलावा हर बार की तरह इस बार भी महिलाओं की भागीदारी अधिक देखने को मिल सकती है।

### सांस्कृतिक संध्या और भंडारे का आयोजन

इस शोभायात्रा के समापन के बाद रामलीला मैदान में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी रखा गया है जिसमे स्थानीय कलाकारों द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी साथ ही सभी के लिए भंडारे की व्यवस्था भी समिति द्वारा रखी गई है लिहाजा समिति द्वारा सभी से रामभक्त बनकर इस गरिमामय आयोजन को और अधिक भव्य बनाने अधिक से अधिक संख्या में इसमें शामिल होने की अपील की गई है। वहीं इस भव्य आयोजन को लेकर जिला प्रशासन भी सतर्क हो गया है। आयोजन समिति ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री राम के जन्म उत्सव राम नवमी के अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है शोभायात्रा में आतिशबाजी के साथ आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। जिसमें आचार संहिता के तहत लागू नियमों का भी पालन अवश्य रूप से किया जाएगा।

# पत्नी को आत्महत्या के लिए किया मजबूर, आरोपी पति गिरफ्तार



**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस द्वारा महिला के फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले उसके पति पर दुष्प्रेरण का अपराध दर्ज करते हुए आरोपी को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। दिसंबर 2021 में प्रीति खड़िया की शादी ग्राम गुडगहन में रहने वाले आनंद कुमार खड़िया के साथ सामाजिक रीति रिवाज से हुई थी। शादी के कुछ दिनों तक दोनों पति.पत्नी अच्छे से रह रहे थे। इसी बीच आनंद खड़िया उसकी पत्नी प्रीति को बोला कि वह परिवार के दबाव में आकर उससे शादी किया है उसकी पसंद कोई और लड़की थी। इस बात से प्रीति आहत हुई। उसके बाद आनंद खड़िया छोटी छोटी बातों को लेकर प्रीति को मारपीट कर परेशान करता था। प्रीति अपने मायके वालों को पति के झगड़ा विवाद की बाते बताती थी। घरवाले आनदं को समझाएं भी पर उसका कोई असर आनंद पर नहीं हुआ। आनंद की लगातार उपेक्षा और मानसिकए शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर प्रीति 17 फरवरी 2024 के शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका नव विवाहिता होने से मर्ग पंचनामा कार्यवाही कार्यपालिका दंडाधिकारी पुसौर द्वारा पंचनामा कार्यवाही किया गया। जांच में महिला के पति आनंद कुमार खड़िया पिता संतोष खड़िया उम्र 30 साल को आत्महत्या करने के लिए दुष्परित करना पाए जाने पर जूटमिल पुलिस द्वारा मृतिका का पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त कर जांच में पाए गए साक्ष्य अनुरूप आरोपी मर्ग जांच से धारा 306 आईपीसी कायम कर आज आरोपी आनदं खड़यिा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## एनटीपीसी लारा में अग्नि सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा में 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह एफएसडब्ल्यू के राष्ट्रव्यापी आयोजन में शामिल हुआ। अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख लारा द्वारा कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई गई और इस अवसर पर उन्होने 14 अप्रैल 1944 को बॉम्बे डॉक यार्ड के आग दुर्घटना में शहीद हुए जवानो को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए अखिलेश सिंह ने आग से संबंधित किसी भी अप्रत्याशित घटना का रोकथाम और निराकरन के लिए एनटीपीसी की तैयारियों पर जोर दिया। पूरे सप्ताह के दौरान कर्मचारियों, गृहिणियों और जनता की समझ के लिए सीआईएसएफ फायर विंग कैडेट द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं, अग्निशमन प्रदर्शनों जैसी जागरूकता पैदा करने वाली गतिविधियों आयोजित की जाएंगी। अग्नि सलाहकार, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में लोगों को विभिन्न आग की घटनाओं और ऐसी घटनाओं को कम करने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक करने के लिए गर्मियों की शुरुआत के दौरान अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाता है।

# लैलूंगा के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुईं मेनका सिंह



**रायगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक दलों में कार्यकर्ताओं को चार्ज करने का सीलसिला तेज हो गया है। इसी कड़ी में कांग्रेस का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को लैलूंगा में आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में रायगढ़ लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. मेनका देवी सिंह ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि आज बाबा भीमराव अंबेडकर का जयंती है। बाबा साहब के बनाए गए संविधान की रक्षा करना हम सब की जिम्मेदारी है। भाजपा नही चाहती कि संविधान सुरक्षित रहे। भाजपा महंगाई को कम करने में न काम रही है। लैलूंगा विधायक विद्यामती सिदार ने सभा को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओ रिचार्ज किया और रायगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ मेनका देवी को अधिक मतो से जिताने के लिये संकल्प लिया। पूर्व विधायक हृदयराम राठिया ने भी सभा को संबोधित किया। ओम सागर पटेल जिला पंचायत सदस्य, ठंडाराम ब्लॉक अध्यक्ष लैलूंगा, बिहारी लाल पटेल ब्लॉक अध्यक्ष तमनार, रमेश भगत पार्षद, विरेंद्र शाह युवा कांग्रेस, मानिक पटनायक विशिष्ट कांग्रेसी नेता मुकुंद पटनायक उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, संपति सिदार जनपद सदस्य, शांति पैकरा पूर्व जिला पंचायत सदस्य, विकास शर्मा जिला कांग्रेस कमेटी प्रभारी उपस्थित रहे।

# विद्युत, पेयजल, सौर ऊर्जा व समग्र शिक्षा हेतु बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में विद्युत, पेयजल, सौर ऊर्जा और समग्र शिक्षा के तहत बच्चों की पढ़ाई के प्रगति के संबंध में बैठक ली।

बैठक में एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, विद्युत के प्रभारी अधिकारी नरेन्द्र नायक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई के प्रभारी अधिकारी कमल कंवर, क्रेडा और समग्र शिक्षा के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री साहू ने पीएचई अंतर्गत किए जा रहे जल जीवन मिशन के कार्यों के संबंध में कहा कि इस कार्य में स्वतंत्र रूप से कार्य करने के इच्छुक व्यक्तिध्युवा को विभाग द्वारा ट्रेनिंग दिया जाए ताकि आकस्मिक रूप से किसी के नल आदि में कोई खराबी आए तो वे गांवए शहर में स्थानीय स्तर पर उनसे संपर्क कर जल आपूर्ति ठीक करा लें। जल जीवन मिशनए सौर ऊर्जाए विद्युत और समग्र शिक्षा के तहत किए जा रहे निर्माण कार्य में भूमि संबंधी कार्य के लिए कलेक्टर श्री साहू ने एसडीएम सारंगढ़ श्री जैन को समन्वय कर कार्य करने कहा। कलेक्टर धर्मेश साहू ने क्रेडा विभाग को जिले में उपयुक्त स्थानों में सौर ऊर्जा उत्पादन करने के लिए कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करने के लिए कहा। इसी प्रकार कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग अंतर्गत जिले के स्थापित और निर्माणाधीन ट्रांसफार्मरए केव्ही लाइनों के बारे में जानकारी ली। इसी प्रकार समग्र शिक्षा के अधिकारियों ने बताया कि समग्र शिक्षा अंतर्गत बालवाड़ी के 5-6 के बच्चों को शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल के शिक्षक को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक पढ़ाने हेतु अतिरिक्त प्रभार दिया जाता हैए जिसका मानदेय उनको प्रतिमाह 500 रूपए दिया जाता है।



